न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, देवरिया

प्रशासनिक प्रस्तावः आदेश संख्याः /2023/दिनांकः 14 जुलाई, 2023

श्री सक्षम शेखर, अपर सिविल जज,जू0 डि0/एफ.टी.सी.-II देवरिया के द्वारा पत्र दिनांकित 13-07-2023 अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करते हुए यह अवगत कराया गया है कि प्रशासनिक आदेश दिनांकित 18-05-2023 के द्वारा उनके न्यायालय में महिला थाना से सम्बन्धित समस्त पुलिस चालानी वाद एवं सम्बन्धित अन्य समस्त प्रकरण, सम्पूर्ण जनपद के घरेलू हिंसा से सम्बन्धित समस्त प्रकार के वाद, महिला के विरूद्ध किये गये अपराध, जो कि भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत दण्डनीय हैं, (धारा-498ए, 354, 354ए, 354बी,354सी, 354डी व 509 भा0दं0सं0) से सम्बन्धित सम्पूर्ण जनपद के समस्त थानों के पुलिस चालानी वाद तथा परिवाद के सुनवाई व निस्तारण का क्षेत्राधिकार की पत्रावलियां लम्बित हैं। सम्पूर्ण जनपद का क्षेत्राधिकार आ जाने के कारण पत्रावलियां अधिक हो गयी हैं। इसके अतिरिक्त इस न्यायालय में दीवानी वाद की पत्रावलियां लगभग 500 लम्बित हैं। इस प्रकार न्यायालय में कुल मिलाकर 12-13 हजार की मात्रा में पत्रावलियां हैं, जिस कारण न्यायालय का संचालन तथा पत्रावलियों का निस्तारण सुचारू रूप से नही हो पा रहा है।

श्री सक्षम शेखर, अपर सिविल जज, जू0 डि0/एफ.टी.सी.-II देवरिया के द्वारा प्रेषित पत्र दिनांकित 13-07-2023 के आलोक में क्षेत्राधिकार सम्बन्धी पूर्व में पारित प्रशासनिक आदेश दिनांकित 18-05-2023 में निम्नवत संशोधित किया जाता हैः-

1- न्यायालय अपर सिविल जज, (जू0 डि0)/एफ0टी0सी-2(Crime Against Women) देवरिया में लम्बित सम्पूर्ण जनपद के घरेलू हिंसा से सम्बन्धित समस्त प्रकार के वादों की सुनवाई एवं निस्तारण का क्षेत्राधिकार तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाता है तथा उक्त वादों की सुनवाई एवं निस्तारण का क्षेत्राधिकार सम्बन्धित थानों पर क्षेत्राधिकार रखने वाली न्यायालयों को प्रदान किया जाता है।

2- थाना-कोतवाली, गौरीबाजार एवं रामपुर कारखाना से सम्बन्धित घरेलू हिंसा से सम्बन्धित समस्त प्रकार के वादों की सुनवाई एवं निस्तारण का क्षेत्राधिकार न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट, कक्ष संख्या-11 देवरिया को प्रदान किया जाता है।

3- न्यायालय अपर सिविल जज, जू0 डि0/न्यायिक मजि0 कक्ष सं0-26 में लम्बित थाना-कोतवाली से सम्बन्धित परिवाद एवं एन0आई0एक्ट के परिवाद की सुनवाई एवं निस्तारण का क्षेत्राधिकार उक्त न्यायालय से तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाता है तथा उक्त की सुनवाई एवं निस्तारण का क्षेत्राधिकार न्यायालय न्यायिक मजिस्टेट, कक्ष सं0-11 देवरिया को प्रदान किया जाता है।

नोटः- उक्त प्रशासनिक आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगा।

(मंजू कुमारी)
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
देवरिया

दिनांक/देवरिया
जुलाई 14, 2023

1- सम्बन्धित न्यायालय के लिपिकगण उपरोक्त व्यवस्था के अनुसार कार्य देखते हुए पत्रावलियों/अभिलेखो का चार्ज आदान प्रदान अविलम्ब सुनिश्चित करें। इसके पश्चात अभिलेख उनके पास उपलब्ध होने पर क्षम्य न होगा, जिसके लिए स्वयं

जिम्मेदार सम्बन्धित लिपिक होगा।

2- सम्बन्धित न्यायालय के कार्यालय लिपिक सम्बन्धित थानों की पत्रावलियों का आदान प्रदान अविलम्ब सुनिश्चित करें, साथ ही साथ कम्प्यूटर अनुभाग में CIS पर भी सम्बन्धित न्यायालय से सम्बन्धित न्यायालय में स्थानान्तरण कराना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपिः-

1. माननीय जनपद न्यायाधीश, देवरिया।

2- श्रीमान प्रभारी अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय देवरिया को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित कर्मचारी कम्प्यूटर को निर्देशित करें कि सम्बन्धित थाना के अधिकारिता क्षेत्र वाली ही न्यायालय में प्राप्त होने वाले सभी प्रकार के प्रार्थनापत्र का अंकन सुनिश्चित करें।

3. न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कक्ष सं0-19, देवरिया।

4.न्यायालय अपर सिविल जज(सी.डि.)/एफ.टी.सी0-1/अपर मुख्य न्यायिक मजि0 देवरिया।

5. न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजि0, कोर्ट सं0-15,देवरिया।

6. न्यायालय न्यायिक मजि0, कक्ष सं0-11, देवरिया।

7. न्यायालय अपर सिविल जज,(जू0 डि0)/जे0 एम 0, कक्ष सं0-12,देवरिया।

8. न्यायालय अपर सिविल जज,(जू0 डि0)/जे0 एम 0, कक्ष सं0-13,देवरिया।

9. न्यायालय अपर सिविल जज,(जू0 डि0)/जे0 एम 0, कक्ष सं0-25,देवरिया।

10. न्यायालय अपर सिविल जज,(जू0 डि0)/जे0 एम 0, कक्ष सं0-26,देवरिया।

11. न्यायालय अपर सिविल जज,(जू0 डि0)/जे0 एम 0, कक्ष सं0-28,देवरिया।

12. न्यायालय अपर सिविल जज,(जू0 डि0)/जे0 एम 0, कक्ष सं0-29,देवरिया।

13. न्यायालय अपर सिविल जज,(जू0 डि0)/एफ.टी.सी.-2 देवरिया।

14- न्यायालय अपर सिविल जज,(जू0 डि0)/एफ.टी.सी.-1 देवरिया।

15. पुलिस अधीक्षक, देवरिया।

16. संयुक्त निदेशक अभियोजन देवरिया।

17- अध्यक्ष, जिला बार एसोसिएशन दीवानी न्यायालय देवरिया।

18- कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय देवरिया को जनपद न्यायालय की अधिकारिक बेबसाइट पर पर अपलोड करने हेतु।

19- गार्ड फाइल मे अनुरक्षण हेतु।

दिनांक/देवरिया

जुलाई 14, 2023

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,

देवरिया